आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समान डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण अध्यादेश को मंजूरी दी।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को जल्द दूर किया जाएगा।
- रुड़की के पवेलियन ग्राउंड में कल से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती रैली।

मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है।

मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हिंदू संगठनों ने रैली निकालकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ एकजुट होकर मानवाधिकारों की हक की आवाज उठाई। देहरादून में आयोजित रैली में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यह आक्रोश रैली स्थानीय विरोध नहीं, बल्कि एक वैश्विक संदेश है। पिथौरागढ़ में मंहत रमेश दास ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदू, महिलाओं और बच्चों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता फैलाना है।

चारधाम बैठक

प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, खराब मौसम के दौरान आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने और सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री राज्य के शीतकालीन पर्यटन स्थलों के साथ ही हिडन डेस्टिनेशंस को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। साथ ही श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का आयोजन आगामी 12 से 15 दिसंबर तक देहरादून के परेड ग्राउंड में होने जा रहा है। आयुर्वेद के इस महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण होने से उत्तराखंड इस एक्सपो में नया कीर्तिमान बना सकता है। आयुष सचिव रविनाथ रमन के अनुसार अब तक साढ़े छह हजार पंजीकरण हो चुके हैं। गौरतलब है कि विश्व आयुर्वेद कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2002 से किया जा रहा है। इस बार इसकी मेजबानी का मौका उत्तराखंड को मिला है।

इस बीच, इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर हैं और इसे अभूतपूर्व बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। आयुर्वेद कांग्रेस में खान–पान से लेकर मनोरंजन तक हर चीज में उत्तराखंडी छाप देखने को मिलेगी। देश–विदेश से आने वाले प्रतिनिधियों को दो दर्जन से अधिक पहाड़ी व्यंजन परोसे जाएंगे।

अध्यादेश मंजूरी

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। अब प्रदेश में निकाय चुनाव शीघ्र होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए अध्यादेश को विधि विभाग की मंजूरी मिल गई थी। विभाग ने अपनी कानूनी राय राजभवन को भेजी थी, जिसके बाद राजभवन को इस पर निर्णय लेना था। वहीं, राजभवन से ओबीसी आरक्षण अध्यादेश को मंजूरी मिलने पर कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्यपाल का विशेष आभार व्यक्त किया है।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि युवाओं की ऊर्जा, गति और कौशल ही नए भारत को आकार देगी। वे आज वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वास जताया कि आज की युवा पीढ़ी अपने कौशल, नवाचार और समर्पण से विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग और मेटावर्स जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं।

दीक्षांत समारोह में 5 हजार 387 विद्यार्थियों को स्नातक और परास्नातक डिग्रियां दी गईं, जबकि 43 विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर भारतीय कंप्यूटर विज्ञान के अग्रणी और सुपर कंप्यूटर के जनक, पद्मभूषण डॉ. विजय पांडुरंग भटकर, को डी. लिट. और ''टॉयमैन ऑफ इंडिया'' के नाम से प्रसिद्ध, पद्मश्री अरविंद कुमार गुप्ता को डीएससी की मानद उपाधि दी गई।

अग्निवीर भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए कल से दो चरणों में रुड़की के पवेलियन ग्राउंड में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, स्टोर कीपर, टेक्निकल और ट्रेड्समैन भर्ती के लिए प्रदेश के सात जिलों से पुरुष प्रतिभागी भाग लेंगे और दूसरे चरण में 19 से 21 दिसंबर तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी महिला सैन्य पुलिस भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से महिला प्रतिभागी भाग लेंगी।

भर्ती को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। रुड़की के संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा ने बताया कि भर्ती स्थल के पास ही अस्थाई रैन बसेरा भी बनाया गया है। साथ ही फार्म और धर्मशालाओं को अग्निवीर भर्ती में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए अधिकृत किया गया है।

क्रीड़ा प्रतियोगिता

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में चिकित्सकों के 2 हजार 950 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 2 हजार 800 पद भरे जा चुके हैं। वे आज हरिद्वार के ऋषिकुल विद्यापीठ संस्कृत महाविद्यालय में वार्षिक कीड़ा प्रतियोगिता के

उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता

खेल मंत्री रेखा आर्य ने आज टिहरी झील में 35वीं सीनियर पुरूष व महिला राष्ट्रीय कैनो–स्प्रिंट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में इस तरह के साहसिक व रोमांचक खेलों की भूमिका पर जोर दिया। श्रीमती आर्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से टिहरी जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

उत्तराखंड ओलंपिक संघ के सचिव डी.के सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 550 से भी अधिक खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी, आगामी 28 जनवरी से होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित होंगे।